शवदाह घाटों पर सफाई को लेकर प्रशासन सख्त, लापरवाही पर होगी कारवाई

डीएम की अपील- निर्धारित स्थल पर ही करें दाह-संस्कार, नदी में जोखिम न लें



हाजीपुर (आससे)। जिले के शवदाह स्थलों पर साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सजग है। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर हाजीपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार दास और डीपीओ नमामि गंगे मुनेश कुमार शवदाह क्षेत्र में सफाई कार्य की लगातार निगरानी कर रहे हैं।

प्रशासन का कहना है कि शवदाह स्थलों पर नियमित सफाई हो और वहां आने वाले लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि घाटों पर सफाई व्यवस्था लगातार बनी रहनी चाहिए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी नियमित निरीक्षण कर स्वच्छता सुनिश्चित करें।

जिला पदाधिकारी ने नागरिकों से विशेष अपील की है कि शवदाह की प्रक्रिया निर्धारित स्थल पर ही संपन्न करें।

निर्धारित स्थल के अलावा अन्य जगहों पर दाह-संस्कार करने से दूसरे लोगों को असुविधा होती है और जान-माल की क्षति की आशंका भी बनी रहती है। इसलिए प्रशासन द्वारा निर्धारित व्यवस्था का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए।

स्नान के लिए भी निर्धारित स्थल का ही उपयोग करने और नदी व घाटों पर अनावश्यक जोखिम न लेने का अनुरोध किया गया है। प्रशासन ने कहा है कि निर्धारित स्थानों पर ही गतिविधियां संचालित करने से स्वच्छता, सुरक्षा और सुव्यवस्था बनी रहेगी।

राजस्व अधिकारी ने किया छठ घाटों का निरीक्षण



महनार। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर महनार प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए राजस्व पदाधिकारी पूजा राय ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मोख्तारपुर, हसनपुर सहित अन्य गांवों के छठ घाटों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाटों पर साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी, बैरिकेडिंग और सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही स्थानीय लोगों से बातचीत कर घाटों की स्थिति, आवश्यक सुविधाओं और समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। राजस्व पदाधिकारी ने छठ पूजा से पहले घाटों पर सभी जरूरी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि व्रतियों और श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। प्रशासन का प्रयास है कि सभी घाटों पर सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं की समुचित व्यवस्था रहे, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल में छठ महापर्व मना सकें।

गिरिडीह बैंक लूटकांड में वैशाली से दो गिरफ्तार

अपहरण की बात अफवाह निकली, झारखंड पुलिस की टीम ने सादे कपड़ों में की कारवाई, परिजनों को बाद में मिली जानकारी

हाजीपुर (आससे)। झारखंड के गिरिडीह में 5 नवंबर को हुई यूको बैंक लूट के मामले में झारखंड पुलिस ने वैशाली जिले से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में काजीपुर थाना क्षेत्र के वासुदेवपुर चपुता निवासी जमीन कारोबारी सत्य प्रकाश उर्फ जुगनू ठाकुर और सदर थाना क्षेत्र के दिघी निवासी राजू राय शामिल हैं।

रविवार दोपहर ब्लैक स्कॉर्पियो से सादे कपड़ों में पहुंची पुलिस टीम ने जुगनू ठाकुर के घर से दोनों को अपने साथ ले गई। टीम के हथियारबंद होने और सादे कपड़ों में होने के कारण गांव में अफरातफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों को लगा कि बदमाशों ने अपहरण कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, उस समय जुगनू ठाकुर अपने दलान पर राजू राय और सरोज कुमार के साथ जमीन के कारोबार को लेकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान स्कॉर्पियो सवार टीम पहुंची और जुगनू ठाकुर व राजू राय को गाड़ी में बिठाकर हाजीपुर की तरफ निकल गई। मौके पर मौजूद सरोज कुमार ने मारपीट कर मोबाइल छीनने का आरोप लगाया है।

घटना के बाद जुगनू ठाकुर के भाई वेद प्रकाश ने काजीपुर थाना में लिखित शिकायत दी। उन्होंने कहा कि झारखंड नंबर की स्कॉर्पियो से आए लोगों ने उनके भाई और राजू राय को पिस्तौल दिखाकर गाड़ी में बिठाया और तेजी से ले गए। उन्हें अपहरण की आशंका हुई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू की।

बाद में स्पष्ट हुआ कि यह अपहरण नहीं, बल्कि झारखंड पुलिस की कार्रवाई थी। काजीपुर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि गिरिडीह बैंक लूट मामले में गठित टीम ने दोनों को पूछताछ के लिए गिरफ्तार किया है। झारखंड पुलिस पिछले तीन-चार दिनों से गिरफ्तारी के लिए जाल बिछा रही थी।

बताया जा रहा है कि जुगनू ठाकुर का आपराधिक इतिहास रहा है और फिलहाल वह जमीन खरीद-बिक्री का काम कर रहा था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बैंक लूट से उसका क्या संबंध है।

गौरतलब है कि गिरिडीह के धनवार बाजार स्थित यूको बैंक में 5 नवंबर को दिनदहाड़े पांच हथियारबंद बदमाशों ने लूट की थी। बदमाश बैंक के लॉकर से करीब तीन-चार करोड़ रुपये मूल्य के सोने के जेवरात और 10-12 लाख रुपये नकद लूटकर फरार हो गए थे। बैंक में करीब 20 मिनट तक उत्पात मचाया गया था।

इस घटना के बाद से ही झारखंड पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। वैशाली से हुई गिरफ्तारी को इस मामले में बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के बाद ही लूट में इनकी भूमिका स्पष्ट हो पाएगी।

पट्टीदारी विवाद में मां-बेटी को पीटा, दोनों भर्ती

विशुनपुर तितरा गांव की घटना, एक व्यक्ति हिरासत में


हाजीपुर। राजापाकर थाना क्षेत्र के विशुनपुर तितरा गांव में पट्टीदारी विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष में मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों को हाजीपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान राकेश शुक्ला की 45 वर्षीय पत्नी पिंकी देवी और उनकी 16 वर्षीय पुत्री आयुषी कुमारी के रूप में हुई है। आयुषी ने बताया कि सोमवार करीब 11:30 बजे पट्टीदार भवेश शुक्ला के पुत्र अनुज कुमार ने बेवजह मारपीट शुरू कर दी। बचाने आई मां के साथ भी मारपीट की गई। इससे पहले रविवार को भी उसके साथ मारपीट हुई थी। आरोप है कि संपत्ति हड़पने के लिए जान से मारने की धमकी दी जाती है। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने दोनों को राजापाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों को हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। राजापाकर थानाध्यक्ष ने बताया कि एक पक्ष से आवेदन मिला है। एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

आर्म्स एक्ट में फरार अभियुक्त धराया, भेजा गया जेल

हाजीपुर (आससे)। पातेपुर थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विशाल कुमार, पिता सुरेश साह, निवासी सैदपुर डुमरा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज था। वह पुलिस से बचता फिर रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध हथियारों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस तरह की कार्रवाई से अपराधियों में भय और आम लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अवैध हथियार या किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय थाना को दें। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

आग से आधा एकड़ इंकरी की फसल राख

ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड की मशक्कत से बचे घर, किसानों ने जांच और मुआवजे की मांग की



हाजीपुर। लालगंज प्रखंड के सिरसा बिरन पंचायत अंतर्गत वार्ड 03 के सिरसा राम राय गांव में अज्ञात व्यक्ति द्वारा खेत में आग लगा दिए जाने से करीब आधा एकड़ जमीन में लगी इंकरी की फसल जलकर नष्ट हो गई। आग की चपेट में आने से आसपास के खेतों में लगी फसल भी प्रभावित हुई।

जानकारी के अनुसार, डॉ. राजेंद्र शर्मा की जमीन सहित आसपास के खेतों में आग लग गई। आग की लपटें उठती देख स्थानीय ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल समरसेबल और पंप सेट चलाकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। इसी बीच एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) की जिला कमेटी के सदस्य डॉ. राजेंद्र शर्मा ने फायर ब्रिगेड मुख्यालय, एसडीएम हाजीपुर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारियों को घटना की सूचना दी।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम और डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची। अग्निशमन कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इससे आसपास स्थित घरों को आग की चपेट में आने से बचा लिया गया। आग बुझाने के प्रयास में ग्रामीण अविनाश कुमार, शिवम कुमार, सनी कुमार, मुन्ना शर्मा, शत्रुघ्न महतो, अंबिका प्रसाद शर्मा, महेश महतो, विनय शर्मा, रणजीत शर्मा, संजीत शर्मा, राजदेव शर्मा, देवनारायण शर्मा और उत्तम शर्मा सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। घटना में करीब आधा एकड़ जमीन में लगी इंकरी की फसल जलकर नष्ट होने से किसान को नुकसान हुआ है। किसानों ने आग लगने के कारणों और घटना में किसी की संलिप्तता की जांच के साथ ही सरकार से क्षतिपूर्ति की मांग की है।

तीन हजार का इनामी शराब तस्कर गिरफ्तार

मोतिहारी (आससे)। जिले में पूर्ण शराबबंदी को प्रभावी बनाने और अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में पिपरा थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना एवं छापेमारी के आधार पर तीन हजार रुपये के इनामी शराब तस्कर भगेश्वर मुखिया समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपितों के पास से कुल 112 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की गई है। इस कार्रवाई को शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस की महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पिपरा थाना क्षेत्र के कुंवरपुर बिन टोली निवासी भगेश्वर मुखिया तथा कुंवरपुर गांव निवासी कृष्णा मुखिया के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, भगेश्वर मुखिया लंबे समय से अवैध शराब के कारोबार में सक्रिय था और उसके खिलाफ शराब तस्करी से संबंधित कई मामले दर्ज हैं। उसकी लगातार सक्रियता को देखते हुए पुलिस ने उस पर तीन हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। पांच शराब कांडों में आरोपित रहा है भगेश्वर : एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि गिरफ्तार भगेश्वर मुखिया के खिलाफ पिपरा थाना में पांच मामले दर्ज हैं। इनमें कांड संख्या 176/26, 166/26, 286/26, 92/22 और 93/22 शामिल हैं।

वायरल वीडियो ने फिर उठाये शराबबंदी पर सवाल, जांच की मांग तेज

राघोपुर के सैदाबाद का बताया जा रहा वीडियो पुलिस ने कहा- सत्यता की हो रही जांच

(आज सामचार सेवा)

हाजीपुर । सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो ने बिहार में शराबबंदी के दावों पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो राघोपुर थाना क्षेत्र के सैदाबाद पंचायत का है। वीडियो में एक व्यक्ति बोतल से कथित देसी शराब निकालकर गिलास में डालता दिख रहा है। कुछ लोग गिलास से पीते हुए भी नजर आ रहे हैं। बगल में नमकीन का पैकेट भी रखा हुआ है। वीडियो के वायरल होने के बाद इलाके में चर्चा तेज हो गई है। लोगों का कहना है कि यदि वीडियो सही है, तो यह गंभीर मामला है। इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कानून के तहत कार्रवाई होनी चाहिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में शराब बिक्री की शिकायतें पहले भी उठती रही हैं। उनका आरोप है कि शिकायतों के बाद भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे तस्करों के हौसले बढ़े। हालांकि, इन आरोपों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, पुलिस सूत्रों का कहना है कि वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है। वीडियो की सत्यता, स्थान और समय की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस का कहना है कि दोषी पाए जाने पर किसी को बख्शा नहीं जाएगा। जानकारों का मानना है कि इस तरह के वीडियो की जांच में सबसे अहम है कि वीडियो कब और कहां का है, इसमें दिख रहे लोग कौन हैं और शराब कहां से आई। बिना इन तथ्यों की पुष्टि के किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। फिलहाल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लोग वरिष्ठ अधिकारियों से निष्पक्ष जांच की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि सच सामने आ सके और शराबबंदी कानून का पालन सुनिश्चित हो सके।

एसएसपी कार्यालय के वेतन भुगतान में मिली त्रुटि, डीएम ने 2022 से जांच के दिये आदेश

67 कर्मियों के वेतन में गड़बड़ी, चौकीदार-दफादार के 526 कर्मियों का रिकॉर्ड नहीं मिला

हाजीपुर (आससे)। वैशाली एसएसपी कार्यालय में एचआरएमएस के माध्यम से किए जा रहे वेतन भुगतान में त्रुटि सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने पूरे मामले की विस्तृत जांच के आदेश दे दिए हैं। जिला पदाधिकारी ने वरीय पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर जुलाई 2022 से अब तक के सभी वेतन भुगतानों की संपूर्ण जांच कराने का निर्देश दिया है।

जिला पदाधिकारी के आदेश पर गठित जांच टीम ने मार्च 2026 से सितंबर 2026 तक के वेतन भुगतान की जांच की थी। समीक्षा में सामने आया कि एसएसपी कार्यालय में स्वीकृत बल 4310 के विरुद्ध वर्तमान में 2928 कर्मी कार्यरत हैं। इनके वेतन भुगतान की जांच में 67 कर्मियों के भुगतान में त्रुटि पाई गई। प्रतिवेदन के अनुसार, इन त्रुटियों का समायोजन और अधिक भुगतान की वसूली आवश्यक है।

जांच के दौरान सबसे बड़ी बाधा चौकीदार-दफादार के वेतन को लेकर आई। कुल 626 चौकीदार-दफादार में से मात्र 100 कर्मियों की ही जांच हो सकी। शेष 526 कर्मियों का अभिलेख एसपी कार्यालय द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया, जिसके कारण उनकी पूर्ण जांच नहीं हो पाई। अब जिला पदाधिकारी ने इनकी भी जांच एसपी कार्यालय स्तर से कराने का निर्देश दिया है।

जिला पदाधिकारी ने अपने पत्र में साफ किया है कि जांच केवल सात माह तक सीमित नहीं रहेगी। एचआरएमएस व्यवस्था लागू होने की अवधि जुलाई 2022 से अद्यतन तक के सभी वेतन भुगतानों के साथ-साथ सेवानिवृत्ति लाभ, यात्रा भत्ता जैसे अन्य भुगतानों की भी विस्तृत जांच होगी। इसके लिए गृह विभाग को भी लिखा जाएगा।

जांच में यह भी सामने आया है कि एचआरएमएस पोर्टल पर काम करने वाले मेकर, चेकर और अप्रूवर सभी नियमित कर्मी हैं। इसके बावजूद भुगतान में त्रुटि कैसे हुई, यह जांच का विषय होगा।

समीक्षा प्रतिवेदन में कहा गया है कि त्रुटियों के निराकरण के बाद ही एसएसपी कार्यालय के सभी पदाधिकारी और कर्मियों के वेतनादि के भुगतान का आदेश दिया जा सकेगा। जांच और समीक्षा प्रतिवेदन को अग्रेतर कार्रवाई के लिए गृह विभाग और वित्त विभाग को भेजा जा रहा है। पत्र की प्रतिलिपि प्रधान सचिव, गृह विभाग और प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना को भी भेजी गई है।

महादलित बस्ती में खुशियां बांटने पहुंची पुलिस

रामगढ़वा (आससे)। दीपावली का पर्व खुशियों, प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द का प्रतीक माना जाता है। इसी भावना को साकार करते हुए दीपावली के शुभ अवसर पर रामगढ़वा पुलिस की ओर से एक सराहनीय सामाजिक पहल की गई। बाजार स्थित महादलित बस्ती धागाड़ टोली में पुनि सह थानाध्यक्ष संजीव मौआर पुलिस टीम के साथ पहुंचे और बस्ती के बच्चों एवं उनके परिवारों के बीच मिठाई, पड़ाका वितरित कर दीपावली की खुशियां साझा कीं। इस दौरान थानाध्यक्ष ने बच्चों से आत्मीयता के साथ बातचीत की और उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को मिठाई देते हुए कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने और मिठाइयां बांटने का त्योहार नहीं है, बल्कि यह जीवन में खुशियों, सकारात्मक सोच और नई उम्मीदों का संदेश भी देता है।

राजापाकर में हर्षोल्लास से मनी दीपावली



हाजीपुर। दीपों का पर्व दीपावली राजापाकर प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरा राजापाकर रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा। बाजारों, चौक-चौराहों और गांवों में दीपावली की रौनक देखते ही बन रही थी। लोगों ने अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों को आकर्षक ढंग से सजाकर दीपोत्सव का स्वागत किया। दीपावली को लेकर सुबह से ही लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। घरों की साफ-सफाई के बाद महिलाओं ने घर के आंगन एवं मुख्य द्वार पर आकर्षक रंगोली बनाई। शाम होते ही घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों में मिट्टी के दीपक, मोमबत्तियां तथा रंग-बिरंगी इलेक्ट्रिक लाइटें जलाई गईं। पूरा क्षेत्र दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की। लोगों ने परिवार की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। पूजा के बाद घरों में प्रसाद वितरण किया गया तथा लोगों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। राजापाकर बाजार सहित भुवनेश्वर चौक, भलुई चौक एवं प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में भी दीपावली को लेकर विशेष चहल-पहल रही। मिठाई, फल, पूजा सामग्री एवं सजावट के सामान की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखी गई। बच्चों एवं युवाओं में त्योहार को लेकर विशेष उत्साह रहा। पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन भी सतर्क रहा। लोगों ने आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव के साथ दीपावली मनाई। दीपावली के अवसर पर चारों ओर उत्सव का माहौल बना रहा।

महनार में एसडीओ, बीडीओ और थानाध्यक्ष ने बच्चों संग मनाया दीपोत्सव



महनार। दीपावली का त्योहार खुशियां बांटने और समाज के हर वर्ग तक प्रेम व अपनत्व का संदेश पहुंचाने का पर्व है।

इसी भावना के साथ महनार के एसडीओ, बीडीओ और थानाध्यक्ष ने अलग-अलग बस्तियों में पहुंचकर बच्चों के बीच दीपावली की खुशियां साझा कीं।

अधिकारियों की इस पहल से बच्चों के चेहरे खिल उठे। महनार एसडीओ अंकित कुमार ने सरमस्तपुर में बच्चों के साथ दीपावली मनाई। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ दीप जलाए और मिठाइयां बांटकर त्योहार की खुशियां साझा कीं।

एसडीओ को अपने बीच पाकर बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। वहीं, प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार ने वासुदेवपुर चंदेल स्थित महादलित टोले में बच्चों के साथ दीपावली मनाई। उन्होंने बच्चों के साथ रंग-बिरंगी रंगोली बनाई, दीप जलाए और मिठाइयां बांटीं। इधर, महनार थानाध्यक्ष संतोष कुमार रजक ने भी थाना क्षेत्र की एक महादलित बस्ती में पहुंचकर बच्चों के बीच मिठाइयां और फुलझड़ियां बांटीं। उन्होंने बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। अधिकारियों की इस पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

दीपावली पर पुलिस बनी बच्चों की दोस्त, मोहल्लों में मना त्योहार

मिठाई-पटाखों के साथ दिया सुरक्षित दीपावली का संदेश



हाजीपुर (आससे)। इस बार दीपावली पर वैशाली पुलिस वर्दी से बाहर निकलकर बच्चों की दोस्त नजर आई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश और वरीय पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने मोहल्लों और टोलों में जाकर बच्चों के साथ दीपावली मनाई। थाना परिसर मे ही नहीं, बल्कि गांव-मोहल्लों में पुलिसकर्मियों ने बच्चों के बीच मिठाइयां बांटीं। बच्चों के साथ पटाखे छोड़े और उनके साथ खुशियां साझा की। इस दौरान अभिभावक भी मौजूद रहे। बच्चों के चेहरों पर उत्साह देखने लायक था। पुलिस ने इस मौके पर बच्चों और अभिभावकों को सुरक्षित दीपावली मनाने के लिए प्रेरित किया। पटाखे जलाते समय सावधानी बरतने, भीड़भाड़ से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई।

आमतौर पर पुलिस को कानून-व्यवस्था संभालते देखा जाता है, लेकिन दीपावली की शाम उसकी यह मानवीय छवि लोगों को भा गई। अभिभावकों ने कहा कि इस तरह की पहल से पुलिस के प्रति बच्चों में डर नहीं, बल्कि विश्वास और अपनापन बढ़ता है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि त्योहारों पर इस तरह की सामुदायिक पहल से पुलिस और जनता के बीच की दूरी कम होती है। यही सामुदायिक पुलिसिंग की असली भावना है।

पटाखे की चिंगारी से लगी आग में बेकरी कारखाना राख, लाखों का नुकसान

अनजान पीर चौक पर घंटों मशक्कत के बाद दमकल ने पाया आग पर काबू

हाजीपुर (आससे)। नगर थाना क्षेत्र के अनजान पीर चौक स्थित एक बेकरी कारखाने में रविवार रात अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और कारखाने में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आशंका है कि दीपावली पर पटाखा जलाने के दौरान किसी की लापरवाही से यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि पटाखे की चिंगारी कारखाने तक पहुंच गई, जिससे आग भड़क उठी। उस समय कारखाना बंद था। आग लगते ही इलाके में अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने नगर थाना और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना पर दो वाटर टेंडर लेकर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने में जुट गए। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक लगभग सारा सामान नष्ट हो चुका था। जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रीती सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम भेजी गई और आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना ने त्योहार में बरती जाने वाली सावधानी पर फिर सवाल खड़े कर दिए है।